DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
TERM-II EXAMINATION, 2018-19
CLASS-IV
SUBJECT- HINDI

TIME-2 Hours **Full Marks -50**

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं ।
- खंड-क 5 अंक का ,खंड-ख 10 अंक का ,खंड-ग 15 अंक का तथा खंड-घ 20 अंक का है ।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर साफ और सुंदर अक्षरों में लिखिए ।
- इस प्रश्न पत्र में दिए गए पाँचों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है ।
- उत्तर लिखने से पहले सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए ।

खंड क (पठन – 5 अंक)

1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें । (5×1=5)

महात्मा गांधी बचपन में अपनी पढ़ाई में बहुत ही कमजोर थे लेकिन उन्हें पुस्तकें पढ़ने का बहुत शौक था । जब भी महात्मा गांधी को कोई अच्छी पुस्तक मिलती तो उसे खूब मन लगाकर पढ़ते थे। एक बार महात्मा गांधी को एक ऐसी पुस्तक मिली जिसमें श्रवण कुमार और उनके माता -पिता की सेवा की कहानी थी। किस प्रकार श्रवण अपने प्राण देकर भी अपने माता - पिता की सेवा करते हैं। इसे पढ़कर महात्मा गांधी बहुत ही प्रभावित हुए और उन्होंने निश्चय किया कि वे भी श्रवण कुमार की तरह अपने माता -पिता की सेवा करेंगे । उन्हें अपने पड़ोस में हरिश्चन्द्र के जीवन पर आधारित नाटक को देखने का मौका मिला। हरिश्चन्द्र के नाटक को देखकर महात्मा गांधी की आँखों में आँसू आ गए और उन्होंने जीवन भर सत्य की राह पर चलने की कसम खाई चाहे इसके लिए उन्हें कितने भी कष्ट क्यों न उठाने पड़े।

प्रश्न - (क) अच्छी पुस्तक मिलने पर महात्मा गांधी क्या करते थे ?

(ख) महात्मा गांधी को कैसी किताब मिली ?

(ग) हरिश्चन्द्र के नाटक को देखकर महात्मा गांधी ने क्या कसम खाई ?

(घ) महात्मा गांधी को किस चीज़ का बहुत शौक था ?

(ङ) इस गद्यांश के लिए एक शीर्षक दीजिए ।

खंड ख (लेखन – 10 अंक)

2. (i) मुहल्ले की सफाई के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए । **(1×5=5)**

अथवा

होली के त्योहार पर मित्र को होली खेलने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए ।

(ii) किसी कंपनी द्वारा उत्पादित 'दंत मंजन' या 'साबुन' का विज्ञापन बनाकर उसके बारे में 20 से 25 शब्दों में लिखिए । **(1×5=5)**

खंड ग (व्याकरण – 15 अंक)

3. (i) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए । **(2×1=2)**

(क) महल में (ख) रस्सी

(ii) विकल्पों से चुनकर विलोम शब्द लिखिए । **(2×1=2)**

(क) सफलता –असहाय , डरपोक , असफलता , साहस

(ख) अंधकार –अँधेरा , दिन , रात , प्रकाश

(iii) दिए गए वाक्य किस काल में है लिखिए । **(3×1=3)**

(वर्तमान काल ,भूत काल या भविष्यत काल)

(क) चित्रकार चुपके से खिसका, जैसे कोई चोर ।

(ख) मेरी समझ में तो यह बात नहीं आती ।

(ग) तुम खाना कब खाओगे ?

(iv) विकल्पों से चुन कर समान अर्थ वाले शब्द लिखिए । **(2×1=2)**

(क) पर्व – दिवस ,उत्साह ,विशेष दिन,पूजा

(ख) पहाड़ – पत्थर ,प्रकृति ,बगीचा ,पर्वत

(v) मुहावरे का उचित अर्थ ढूँढकर लिखिए । **(2×1=2)**

(क) हाथ पाँव फूलना –

(घबरा जाना ,बीमार पड़ना ,आलसी होना ,दर्द सहना)

(ख) नौ-दो ग्यारह होना –

(बहुत बढ़ जाना ,घबरा जाना ,परेशान होना ,भाग जाना)

(vi) प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए । **(2×1=2)**

(क) हर्ष + ...= .... ।

(ख) केले + ... = ... ।

(vii) विशेषण जोड़िए – **(2×1=2)**

(क) .... बहन

(ख) .... पानी

खंड घ (पाठ्यपुस्तक -20 अंक)

4. (i). निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×2=10)**

(क) लकड़हारा लकड़ियाँ काटकर क्या करता था ?

(ख) विषैली गैस का चोरों पर क्या असर हुआ ?

(ग) हिरण्यकश्यप राजा क्या चाहता था ?

(घ) 'लोग तो रात में सपने देखते हैं ,तू तो दिन में ही सपने देखने लगा' - मोती ने हीरा से ऐसा क्यों कहा ?

(ङ) सूरज से हम क्या सीखते हैं ?

(च) अगर आप कोयल होते/होतीं तो क्या-क्या करते/करतीं? सोचकर लिखिए ।

(ii) किसी एक मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर 20 से 30 शब्दों में लिखिए । **(1×3=3)**

(क) हमें त्योहारों को किस रूप में मनाना चाहिए ?

(ख) आप मुसीबतों का सामना कैसे करते हैं ?

(iii) विकल्पों से चुनकर पाठ के आधार पर वाक्य पूरे कीजिए । **(4×0.5=2)**

(क) लकड़हारे को .... लकड़ी आसानी से नहीं मिलती थी ।

(कच्ची,गीली,सूखी,पीली)

(ख) दोपहर बाद .... के ढाबे के बाहर मिलेंगे ।

(पहलवान,बलवान ,राजू ,तुषार)

(ग) होली मुख्य रूप से .... भारत का पर्व है ।

(पूर्व,पश्चिम ,उत्तर ,दक्षिण)

(घ) शेर ने चित्रकार को .... ले जाने को कहा ।

(फूल, रंग ,कागज़ ,नाव)

(iv) वाक्य बनाइए । **(2×1=2)**

(क) प्रभाव (ख) अभाव

5. दिए गए पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×1=3)**

वर्षा धरती की प्यास बुझाती ,
जिससे चारों ओर हरियाली छाती ।
हम फल-फूल और अनाज पाते ,
जिससे जन अपनी भूख मिटाते ।

(क) धरती की प्यास कौन बुझाती है ?

(ख) वर्षा आने पर क्या होता हैं ?

(ग) 'जन' शब्द का अर्थ लिखिए ।